वैंकूवर सिटी
प्रेस रिलीज़
अक्तूबर 15, 2025
Hindi

# वैंकूवर दक्षिण एशियाई कनाडाईयों का उत्सव मनाने वाले नए प्रांतीय संग्रहालय का घर बनना चाहता है

वैंकूवर सिटी और सामुदायिक साझेदार गर्व से इस विचार का समर्थन कर रहे हैं कि वैंकूवर एक नए प्रांतीय संग्रहालय का भविष्य का घर बने, जो ब्रिटिश कोलंबिया में दक्षिण एशियाई विरासतों वाले कनाडाईयों के योगदान का उत्सव मनाएगा।

“वैंकूवर इस ऐतिहासिक संस्थान की मेजबानी के लिए एक अद्वितीय स्थिति में है, जो ब्रिटिश कोलंबिया के जीवंत दक्षिण एशियाई कनाडाई समुदायों की विरासत और प्रभाव को सम्मानित करेगा,” मेयर कैन सिम ने कहा। "ब्रिटिश कोलंबिया में दक्षिण एशियाई बस्तियों के ऐतिहासिक केंद्र और कनाडा के शीर्ष पर्यटक स्थलों में से एक के रूप में, हमारा शहर अतीत को प्रतिबिंबित करने, दक्षिण एशियाई कनाडाईयों की कहानियों का उत्सव मनाने और उन्हें दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक आदर्श माहौल प्रदान करता है।”

हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, 2024 में मेयर और काउंसिल ने सर्वसम्मति से संग्रहालय के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सैद्धांतिक रूप से, वित्तीय और परियोजना समीक्षा के अधीन, वैंकूवर में एक स्थान के लिए भूमि सहित पूंजीगत लागत का एक-तिहाई हिस्सा वहन करने की प्रतिबद्धता जताई गई।

वैंकूवर सिटी इस महत्वपूर्ण परियोजना के प्रति प्रतिबद्धता में, ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत और पर्यटन, कला, संस्कृति और खेल मंत्रालय (Ministry of Tourism, Arts, Culture and Sport) के नेतृत्व और दूरदर्शिता के लिए उनका धन्यवाद करता है। प्रांत ने अप्रैल में व्यापक सामुदायिक जन-संपर्क प्रक्रिया पूरी की थी और उम्मीद है कि जल्द ही अपने अगले कदमों की घोषणा करेगा।

## वैंकूवर सही विकल्प क्यों है

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख पर्यटन और परिवहन केंद्र के रूप में, वैंकूवर हर साल लाखों क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों का स्वागत करता है। यहाँ एक संग्रहालय दक्षिण एशियाई कनाडाईयों की कहानियों को वैश्विक दर्शकों तक पहुँचाएगा, साथ ही स्थानीय समुदाय के लिए एक जीवंत और समावेशी स्थान के रूप में कार्य करेगा, जहाँ लोग एकत्र हो सकेंगे, उत्सव मना सकेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे।

दक्षिण एशियाई समुदाय 120 से भी अधिक वर्षों से वैंकूवर की पहचान, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं:

- वैंकूवर ब्रिटिश कोलंबिया में उन पहले स्थानों में से एक था, जहाँ दक्षिण एशियाई लोग बसे थे, और इसने समुदाय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- वैंकूवर में उत्तरी अमेरिका का पहला सामुदायिक स्वामित्व वाला गुरुद्वारा बना था, जो पहले किट्सिलानो में स्थित था।
- इस शहर में ब्रिटिश कोलंबिया की पहली मस्जिद, अल-जामिया अल-मस्जिद भी है।
- ऐतिहासिक पंजाबी मार्केट उत्तरी अमेरिका का पहला 'लिटिल इंडिया' है और वैंकूवर का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र है।
- वैंकूवर कई ऐतिहासिक घटनाओं का स्थल रहा है, जैसे कि गुरु नानक जहाज़ त्रासदी, जो आज भी कनाडा और विश्वभर में लोगों के मन में गूंजती है।
- दक्षिण एशियाई कनाडाई समुदाय वैंकूवर में लगातार बढ़ रहे हैं और फल-फूल रहे हैं, और वे इस शहर की जीवंतता और पहचान का एक अभिन्न हिस्सा हैं।

इसके अलावा, वैंकूवर सिटी दक्षिण एशियाई कनाडाई समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित है और ऐतिहासिक भेदभाव और आज उसके प्रभावों को दूर करने के लिए वर्तमान में सिफारिशें विकसित करने हेतु समुदाय के साथ मिलकर काम कर रहा है। 2025 में किया गया जन-संपर्क दिखाता है कि वैंकूवर में दक्षिण एशियाई संस्कृतियों का उत्सव मनाने के लिए एक स्थायी स्थान स्थापित करने को लेकर गहरा उत्साह है।

वैंकूवर संग्रहालय के लिए सही विकल्प क्यों है, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए vancouver.ca/south-asian-museum पर जाएं।

## समुदाय के समर्थन की आवाज़ें

वैंकूवर भर के सामुदायिक नेता और साझेदार अपना समर्थन व्यक्त कर रहे हैं:

> "वैंकूवर की कहानी हमारे विविध समुदायों की आवाज़ों और इतिहास से और अधिक समृद्ध होती है। हर साल 9 मिलियन से अधिक आगंतुकों के साथ, और ब्रिटिश कोलंबिया के बाकी हिस्सों का प्रवेश द्वार के रूप में, वैंकूवर एक नए संग्रहालय के लिए आदर्श स्थान है जो उन दक्षिण एशियाई कनाडाईयों की कहानियों को ऊँचा उठाएगा जिन्होंने हमारे प्रांत को आकार दिया है। यह हमारे पर्यटन क्षेत्र के लिए एक शक्तिशाली जोड़ साबित होगा, और संग्रहालय को शहर के मौजूदा पर्यटन बुनियादी ढाँचे, साझेदारियों और वैश्विक आकर्षण से लाभान्वित होगा।"
> – रॉयस च्विन (Royce Chwin), अध्यक्ष और CEO, डेस्टिनेशन वैंकूवर

> "वैंकूवर वह सबसे उपयुक्त स्थान है जहाँ एक ऐसा संग्रहालय बनाया जाए जो उन शुरुआती दक्षिण एशियाई बसने वालों की विरासत का सम्मान करे, जिन्होंने इस शहर के ताने-बाने और हमारे साझा इतिहास के निर्णायक पलों में बहुत योगदान दिया। यह एक ऐसा सार्थक स्थान है जहाँ हम अपनी संस्कृतियों, कहानियों और योगदानों को स्थानीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर आगे ला सकते है। यह संग्रहालय हमारे पूर्वजों के प्रति श्रद्धांजलि और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्तंभ होगा।"

– वैली ओप्पल (Wally Oppal), पूर्व ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और सामुदायिक अधिवक्ता

“यह संग्रहालय अतीत का सम्मान करेगा और उत्सव, शिक्षा और जुड़ाव के लिए एक स्थायी स्थान बनाएगा — कुछ ऐसा जिसकी वैंकूवर में दक्षिण एशियाई कनाडाई समुदाय लंबे समय से मांग कर रहे हैं। यह एक शक्तिशाली प्रतीक होगा जब हमारी कहानियाँ वैंकूवर की अन्य प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन संस्थाओं के साथ प्रदर्शित की जाएंगी।”
– पाल बीसला (Pall Beesla), निदेशक, सामुदायिक साझेदारी, पंजाबी मार्केट कलेक्टिव

“दक्षिण एशियाई विरासत वाले कनाडाईयों का संग्रहालय वैंकूवर में ही होना चाहिए, वह शहर जो लंबे समय से ब्रिटिश कोलंबिया में दक्षिण एशियाई इतिहास का केंद्र रहा है। मेल-मिलाप और दक्षिण एशियाई आवाज़ों को बुलंद करने के लिए सिटी की प्रतिबद्धता इस महत्वपूर्ण समुदाय के महत्व को दर्शाती है। वैंकूवर का केंद्रीय स्थान इसे इस संग्रहालय का आदर्श घर बनाता है, जहाँ ब्रिटिश कोलंबिया और दुनिया भर से आने वाले आगंतुक दक्षिण एशियाई विरासत के बारे में सीख सकेंगे और उसका उत्सव मना सकेंगे।”
– हुमना काहन (Humna Kahn), छात्रा, मास्टर्स ऑफ कम्युनिटी एंड रीजनल प्लानिंग

**अपनी राय दें!**

क्या आप चाहते हैं कि नया संग्रहालय वैंकूवर में बनाया जाए? आप अपना समर्थन दिखाने के लिए माननीय ऐन कांग (Anne Kang), पर्यटन, कला, संस्कृति और खेल मंत्री (Minister of Tourism, Arts, Culture and Sport)
को TACS.Minister@gov.bc.ca पर और अपने MLA को ईमेल भेज सकते हैं। यहाँ क्लिक करके हमारे फ़ॉर्म पत्र का उपयोग करें।

--- समाप्त ---

**कृपया ध्यान दें:**

1. संग्रहालय के अंतिम नाम की अभी तक प्रांत द्वारा पुष्टि नहीं की गई है। अधिक विवरण के लिए, इस वेबसाइट पर जाएं: दक्षिण एशियाई विरासतों वाले कनाडाईयों का बी.सी. संग्रहालय - govTogetherBC

2. हम मानते हैं कि हर कोई स्वयं को “दक्षिण एशियाई कनाडाई” शब्द से नहीं जोड़ता। सिटी वर्तमान में इस शब्द का उपयोग क्यों करता है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे दक्षिण एशियाई कनाडाई जन-संपर्क पृष्ठ पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) देखें।

**मीडिया संपर्क:**
सिविक एंगेजमेंट एंड कम्युनिकेशन
media@vancouver.ca